बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 53 /प्रशासन/आर/2020 भोपाल,दिनांक 14.03.2020

आदेश

प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय के आदेश क्रमांक 249/68/सीसी/38/20 भोपाल, दिनांक 13.03.2020 द्वारा राज्य में लोक स्वास्थ एवं लोक हित के दृष्टिगत, नोवेल कोरोना वाइरस (COVID-19) व उससे जनित बीमारी के संक्रमण से बचाव हेतु एहतियात के रूप में राज्य शासन द्वारा निम्नानुसार निर्णय लिया गया है-

1. म0प्र0 में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक अवकाश रहेगा ।
2. प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में संचालित वार्षिक एवं सेमेस्टर परीक्षाओं का आयोजन यथावत् पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा।
3. उक्त अवधि में समस्त विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में सामूहिक गतिविधियों जैसे क्रीड़ा गतिविधियों, सांस्कृतिक गतिविधियों, सेमिनार एवं कार्यशाला इत्यादि सामूहिक गतिविधियों का संचालन स्थगित रहेगा ।
4. उक्त अवधि में म0प्र0 के समस्त विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में समस्त शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक स्टॉफ संस्था में उपस्थित रहकर यथावत शासकीय/परीक्षा कार्य सम्पादित करेंगे ।
5. उक्त अवधि में प्रदेश के समस्त अशासकीय महाविद्यालयों के शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक स्टॉफ संस्था में उपस्थिति के संबंध में अपने स्तर पर स्वविवेक से समुचित निर्णय ले सकेंगे ।

अतः शासन के उक्त आदेश के परिपालन में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभागों एवं विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय में कक्षायें आगामी आदेश तक स्थगित रहेंगी तथा उपरोक्तानुसार अन्य समस्त कार्य निर्देशानुसार संचालित रहेंगे । आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें ।

14/3/2020

(डॉ. बी. भारती)
कुलसचिव

पृ.क्रमांक 54 /प्रशासन/आर/2020 भोपाल,दिनांक 14.03.2020

प्रतिलिपि-

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के सचिव, राजभवन भोपाल ।
2. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री जी, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल ।
3. विशेष सहायक माननीय मंत्री जी उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन,भोपाल।
4. आयुक्त उच्च शिक्षा, सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश ।
5. विभागाध्यक्ष,समस्त शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विभाग, ब.वि.वि., भोपाल।
6. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, होशंगाबाद/भोपाल संभाग ।
7. प्राचार्य, समस्त संबद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय ।
8. डॉ. नंदन त्रिपाठी, प्रभारी, आईटी सेल कृपया उपरोक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय वेबसाईट में अपलोड करायें ।
9. कुलपति जी के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक ।
10. सूचना पटल ।

14/3/2020

कुलसचिव